# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

### लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

## सोमवार, 16 मार्च, 2015/25 फाल्गुन, 1936 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** ].

**कुल प्रश्न** - 14

----

### नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल

761 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)** :

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (National Green Tribunal) में प्रदेश के कुल कितने मामले चल रहे हैं और कब-कब से चल रहे हैं; ब्यौरा मामलों के नाम व स्थान सहित दें;

(ख) इन मामलों की कब-कब सुनवाई हुई व ट्रिब्यूनल ने क्या-क्या दिशा-निर्देश जारी किये; ब्यौरा मामला-वार दें; और

(ग) सरकार ने National Green Tribunal में विभिन्न मामलों में अपना व Stake Holders का पक्ष रखा उनकी प्रतियां मामला-वार सभा पटल पर रखें ?

----

### कुल्लू-बिजली महादेव रज्जू मार्ग

762 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**ः

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि कुल्लू-बिजली महादेव रज्जू मार्ग के ग्लोबल टैण्डर हुए थे;

(ख) यदि हां, तो कब और यह कार्य किस फर्म को आबंटित किया गया;

(ग) इस टैण्डर में कितनी पार्टियों ने भाग लिया; ब्यौरा टैण्डर दस्तावेजों के साथ दें;

(घ) यह भी सत्य है कि यह आबंटन रद्द कर दिया गया है; यदि हां, तो ब्यौरा कारणों सहित दें; और

(ड.) यदि नहीं, तो इसका कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा ?

----

## क्लब हाऊस से पर्यटन निगम को आय

763 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) मनाली स्थित हिमाचल प्रदेश पर्यटन निगम के क्लब हाऊस में कौन-कौन सी गतिविधियां संचालित होती हैं;

(ख) इस परिसर में किन-किन लोगों को, किस-किस कार्य के लिए, किन-किन शर्तों पर, कितने-कितने वर्षों व कितने-कितने किराये पर जगह/दुकानें आबंटित की गई हैं; ब्यौरा नाम व पते सहित दें;

(ग) इससे निगम को कितनी वार्षिक आय होती है;

(घ) पर्यटन निगम ने क्या क्लब हाऊस के सौंदर्यकरण हेतु मास्टर प्लान तैयार किया है; और

(ड.) यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें ?

----

## हिमाचल प्रदेश सड़क निर्माण योजना

764 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार द्वारा अधिसूचित Himachal Pradesh Road Construction Policy के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त प्रदेश में सड़क निर्माण के कार्यों को करने के लिए किस-किस एजेंसी को प्राधिकृत किया गया है; विवरण दें; और

(ख) लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त दूसरी एजेन्सीज़ को सड़क निर्माण के कार्य को प्राधिकृत करने के क्या मापदण्ड हैं; इनकी प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## निरीक्षक की रिक्तियां

765 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार जिला चम्बा में Co-operative Societies में चल रहे

निरीक्षक के खाली पदों को भरने का विचार रखती है; और

(ख) यदि हां, तो कब तक और इनका ऑडिट कब तक करवा लिया जाएगा; ब्यौरा दें ?

----

## प्रसार अधिकारी की रिक्तियां

766 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)**:

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में प्रदेश में विकास खण्ड स्तर पर प्रसार अधिकारियों के कितने पद रिक्त हैं; और

(ख) रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## पुल निर्माण

767 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भटियात विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत जियुन्ता पंचायत के सकरेरा नाला पर पुल निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है ?

----

## कालाबन-सतरूडी कांड

768 **श्री हंस राज (चुराह)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्ष 1997 में कालाबन-सतरूडी में आतंकवादियों द्वारा कितने लोगों की हत्या की गई; विवरण पंचायतवार दें; और

(ख) शहीद हुए सभी लोगों के परिवारों को क्या उचित मुआवज़ा मिल चुका है; मुआवज़े का ब्यौरा परिवारशः दें ?

----

## सीमान्त क्षेत्र में आतंकी गतिविधियां

769 **श्री हंस राज (चुराह)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) सरकार ने जिला चम्बा की सीमाओं की सुरक्षा व आतंकी गतिविधियों को रोकने के

लिए  क्या प्रयास किए हैं; ब्यौरा दें; और

(ख)  सरकार क्या  जम्मू-कश्मीर के साथ प्रदेश की सीमा पर तैनात SPOs को सुरक्षा की दृष्टि से आधुनिक हथियार देने का विचार रखती है ?

----

## बस सेवा

770 **श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि चम्बा बैरागढ़-पांगी सड़क पर पड़ने वाला शुक्राली नाला पुल स्वीकृत हो चुका है; यदि हां, तो निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ कर दिया जाएगा; और

(ख) यह भी सत्य है कि बैरागढ़-टेपा सड़क तथा दमास-मगंली सड़क के निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है; यदि हां, तो इन रूटों पर अभी तक बस सेवा बहाल नहीं की गई है; ब्यौरा कारणों सहित दें?

----

## शिक्षण संस्थानों में रिक्तियां

771 **श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में पच्छाद विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक, उच्च, माध्यमिक व प्राथमिक स्कूल हैं; स्कूल के नाम सहित ब्यौरा दें; और

(ख) इन स्कूलों में कौन-कौन से पद स्वीकृत हैं तथा कितने पद किस-किस विषय के कब-कब से रिक्त हैं; विवरण दें?

----

## बस सेवा

772 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षो में चौपाल विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी नई बसें किन-किन रूटों पर चलाई गई हैं;

(ख) ऐसी कितनी सड़कें  है जोकि पास है परन्तु अभी तक बसें नहीं चलाई गई हैं; और

(ग) सरकार इन सड़कों पर कब तक बसें चलाने का विचार रखती है?

----

## पदपूर्ति

773 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत विद्युत मण्डल में विभिन्न श्रेणियों के कितने-कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें और सरकार इन्हें कब तक भरने का विचार रखती है ?

----

## भवन निर्माण

774 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल) ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) चौपाल विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत गत तीन वर्षों में कितनी पाठशालाएं स्तरोन्नत की गई तथा कितनी पाठशालाओं के अपने भवन नहीं हैं;

(ख) इनके निर्माण के लिए धनराशि स्वीकृत है परन्तु भवन का निर्माण प्रारम्भ नहीं किया गया; और

(ग) ऐसी कितनी पाठशालाएं हैं जिनके भवन निर्माण अधूरे पड़े हैं; उनका निर्माण कब तक कर दिया जाएगा ?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 28 फरवरी, 2015.** **सचिव।**